प्रादेशिक समाचार
दिनांक–08.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कुआलालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस वार्ता में रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ाने तथा आर्थिक और नवाचार साझेदारी को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने कई समझौतों और दस्तावेजों का आदान–प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तथा मलेशिया के बीच समुद्री सुरक्षा, रक्षा और आतंकवाद से मुकाबले से संबंधी सहयोग में विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है। आतंकवाद पर कोई दोहरा मानदंड नहीं हो सकता और आतंकवाद से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

********************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने नगर निकाय चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान किया है। पश्चिमी सिंहभूम जिले में पार्टी की ओर से आयोजित एक बैठक में शामिल हुए सांसद ने संगठन की चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा भी की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा और प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

********************

कांग्रेस पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान पार्टी निर्देशों की अवहेलना और अनुशासनहीनता के आरोप में दो नेताओं को आज निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई पश्चिमी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन बोयपाई ने बताया कि निलंबित किये गए दोनों नेताओं ने नगर निगम में महापौर पद और नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए बिना पार्टी की सहमति से नामांकन दाखिल कर दिया था। इन्हें समय रहते नाम वापस लेने के लिए कहा गया था, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण पहले चेतावनी दी गई और फिर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

********************

साहेबगंज जिले के निकाय चुनावों के निर्वाची पदाधिकारी गौतम भगत ने आज एक प्रेस वार्ता में नगर परिषद साहेबगंज, नगर पंचायत बड़हरवा और नगर पंचायत राजमहल से संबंधित निर्वाचन आंकड़े साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि मतपत्रों से मतदान के लिए जागरूकता के साथ–साथ निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में चुनाव करना उनकी प्राथमिकता है।

********************

उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रांची के तमाड़ और बुंडू थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में नकली विदेशी और देसी शराब समेत अवैध महुआ को जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान एक पिकअप वैन से अवैध शराब की खेप पकड़ी गई, जबकि अलग–अलग स्थानों से कुल तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने दो अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया है। उत्पाद विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब का निर्माण या बिक्री हो रही हो तो इसकी सूचना विभाग को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

********************

लातेहार जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस ने हेरहंज थाना क्षेत्र के ईचाक की ढ़ाई एकड़ वन भूमि में लगी अवैध पोस्ता खेती को नष्ट कर दिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशीले पदार्थों की खेती और तस्करी के विरुद्ध अभियान सख्ती से जारी रहेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें ताकि ऐसे मामलों पर तेजी से कार्रवाई की जा सके।

****************